VEER MADHO SINGH BHANDARI
UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY
वीर माधो सिंह भण्डारी
उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

**Prof. (Dr.) Onkar Singh**
Vice Chancellor
प्रो० (डॉ०) ओंकार सिंह
कुलपति

*Office Address :*
P.O. Chandanwari, Prem Nagar, Suddhowala,
Dehradun-248007, Uttarakhand, India
Phone no. : 0135-2774068
Email : vc@uktech.ac.in, Website : www.uktech.ac.in

Ref. No. 99/V.M.S.B.U.T.U/2023 Date 21/09/23

प्रिय महोदय,

आप अवगत है कि विगत शैक्षणिक सत्र 2022–23 से वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून, द्वारा सतत रूप से समस्त पाठ्यक्रमों के अध्यापन, मूल्यांकन व अन्य कार्यो को समुचित गुणवत्ता के साथ सम्पादित कराने के प्रयास किये जा रहे है। परन्तु कतिपय अवसरों पर प्राप्त जानकारियों से ऐसा परिलिक्षित होता है कि संस्था स्तर से शैक्षणिक कार्यो के निष्पादन में समग्रता से विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं के अनुसार कार्य नही किये जा रहे है, जिससे गुणवत्तापरक शिक्षण प्रशिक्षण न हो पाना स्वभाविक है।

अत्यधिक हर्ष का विषय है कि सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय द्वारा अपने अधिकांश कार्यों को डिजिटलीकृत करते हुये ऑनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से कार्यों के समयबद्ध निष्पादन की व्यवस्था प्रचलित की जा चुकी है। निश्चित ही अधिकाशं संस्थाओं द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित University Management System का समुचित उपयोग किया जा रहा है। किन्तु कतिपय संस्थानों के स्तर से किन्ही भी कारणों से शैक्षणिक कार्यक्रमों के विश्वविद्यालय निर्देशों से इतर पूर्ण पारदर्शिता, निष्ठा एवं जवबादेही के साथ संचालित न किया जाना चिन्ता का विषय है।

आप भलीभांति भिज्ञ है कि शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में उच्च गुणवत्ता लाने के प्रयासों को लगातार इमानदारी से छात्र हित में करते हुये सार्वजनिक तौर पर हित धारकों द्वारा महसूस न किये जाने से विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण शैक्षणिक तन्त्र के प्रति उत्कृष्टता का भाव पैदा होना सम्भव नही है। मेरे द्वारा समय–समय पर संस्था निदेशकों/प्राचार्यों/अध्यक्षों के साथ हुयी ऑनलाइन/ऑफलाइन बैठकों में स्पष्ट रूप से सभी को शैक्षणिक कार्यक्रमों में उच्चतम गुणवत्ता लाने बावत प्रयास करने तथा इसके लिए विश्वविद्यालय से आवश्यकतानुसार सहयोग लेने का अनुरोध किया जाता रहा है। परन्तु विश्वविद्यालय ऑर्डिनेंस, शैक्षणिक कैलेंडर, परीक्षा कार्य एवं संस्थानों की सम्बद्धता जैसे गम्भीर विषयों में शिथिलता बरता जाना संस्था सहित तकनीकी व व्यवसायिक शिक्षा के व्यापक हित में नही हैं एवं इससे छात्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। विश्वविद्यालय के सभी संस्थानों के संचालकों, निदेशकों, शिक्षकों, छात्रों व कर्मचारियों की शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन में सक्रिय भूमिका एवं अपने दायित्वों को जिम्मेदारी तथा सकारात्मकता के साथ निष्पादन करना समाज हित में नितान्त आवश्यक है।

हाल में शैक्षणिक मर्यादाओं की अनदेखी करने वाले कुछ संस्थानों के मामले संज्ञान में आने पर आप सभी से पूर्व में कई अवसरों पर हुये विमर्श के क्रम में अपेक्षा है कि शैक्षणिक कार्यों को सम्पूर्णता से छात्र हित में विश्वविद्यालय के निर्दिष्ट प्राविधानों के अर्न्तगत उच्चतम गुणवत्ता के साथ संचालित करना सुनिश्चित करे।

शुभ कामनाओं सहित।

ओंकार सिंह 21/9/2023
(प्रो० ओंकार सिंह)
कुलपति

सेवा में,

निदेशक,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून,